Library

School of Planning and Architecture, Bhopal

S.No.02 फरवरी ,2022

दैनिक जागरण	17/02/2022	पेज न. 05

कैंपस में नजर आए 82 देशी एवं प्रवासी पक्षी, इजिप्शियन वल्चर भी दिखे

स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल में कैंपस बर्ड् कॉउंट कार्यक्रम

• जागरण सिटी रिपोर्टर •

भोपाल बर्ड्स संस्था के द्वारा बुधवार को स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल में कैंपस बर्ड् कॉउंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहर के हरे-भरे कैंपस में पाई जाने वाली पक्षी विविधता को चिन्हित कर डाटा तैयार करना है। कार्यक्रम में संस्था के 25 अध्यापकों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 82 पक्षी प्रजातियों को चिन्हित किया गया। इस कार्यक्रम में स्त्रोत व्यक्ति के रूप में डॉ संगीता राजगीर, मो. खालिक तथा डॉ. विपिन धोटे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अपूर्वा लक्ष्मी (असिस्टेंट प्रोफेसर, एसपीए) द्वारा किया गया।

ब्रह्मिनी शेल्डक

स्पॉट बिल्ड डक

इजिप्शियन वल्चर

यह स्थानीय पक्षी आए नजर

पर्पल सनबर्ड, रोज रिंग पैराकीट, स्पॉटेड डव, रेड वेंटेड बुलबुल, ब्लैक ड्रोंगो, लिटिल कोर्मोरेंट, ब्लैक विंग स्टिल्ट, पॉन्ड हेरॉन, व्हीट थ्रोटेड किंगफिशर, इंडियन रोलर, येलो फूटेड ग्रीन पिजन आदि।

नजर आए यह प्रवासी पक्षी

स्पॉट बिल्ड डक, ब्रह्मिनी शेल्डक, लैसर व्हीट थ्रोट, मार्श सैंडपाइपर, व्हीट वैगटेल, सिट्रीन वैगटेल, ग्रे वैगटेल, वेरडिटेर फ्लाईकैचर, पेंटेड स्टोर्क आदि।

कैंपस में चिन्हित हुआ संकटग्रस्त इजिप्शियन वल्चर

कार्यक्रम में संकटग्रस्त प्रजाति के इजिप्शियन वल्चर को घोंसला बनाते देख प्रतिभागी उत्साहित हो गए। यह वल्चर नर व मादा दो की संख्या में दिखाई दिए। कैंपस बर्ड कॉउंट से प्राप्त आंकड़ों को ई-बर्ड पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।